<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

(तिथि 26 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं एवं प्रतिभागियों को 13 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए।
- खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा के प्रत्येक जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण किया जाएगा।
- भारतीय चिकित्सा संघ ने इन्फ्लुएंजा ए -एच1एन1 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा - राज्य में मौसमी इन्फ्लूएंजा की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में।
- हरियाणा सरकार ने रक्षाबंधन पर महिलाओं को सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की।

************************************************************

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देश भर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। यह खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के बाद युवा प्रतिभागियों, माय भारत के स्वयंसेवकों, स्थानीय खिलाड़ियों और जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय स्तर पर संवाद होगा। इस पहल की एक प्रमुख विशेषता खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं और अग्रणी भारतीय एथलीटों और पदक विजेताओं के बीच सीधा संवाद रहेगी। कार्यक्रम का

एक केंद्रीय पहलू युवा संवाद होगा, जहां युवा प्रतिभागियों को अपने विचार, दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को व्यक्त करने का मौका मिलेगा। यह संवाद खेल, ओलंपिक आकांक्षाएं, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशा मुक्त युवा सहित पांच विषयों पर केंद्रित रहेगा।

************************************************************

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया।समारोह में 24 खिलाड़ियों को 13 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए कहा कि किसी खिलाड़ी की कहानी पदक से शुरू नहीं होती। उसकी कहानी उस मिट्टी से शुरू होती है, जहां उसने पहली बार दौड़ना सीखा, उस मैदान से जहां उसने पहली बार हार का सामना किया और उन सुबहों से, जब बाकी दुनिया सो रही होती है और वह अपने सपने के लिए पसीना बहा रहा होता है। उसके पीछे माता-पिता का विश्वास, गुरु का अनुशासन और हर हार के बाद फिर उठ खड़े होने का संकल्प होता है।

उन्होंने कहा कि ग्लासगो में हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपने दमखम और प्रतिभा का डंका पूरी दुनिया में बजाया है। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी में हरियाणा की हिस्सेदारी महज 2 प्रतिशत है, लेकिन इन खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक हासिल किए।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों के बलबूते भारत दुनिया की बड़ी खेल शक्ति के रूप में उभरेगा।

************************************************************

**********

हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि ग्लासगो में संपन्न हुए 23वें राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी

मेहनत, अनुशासन और तिरंगे के प्रति अटूट निष्ठा से पूरे विश्व में भारत और हरियाणा की धाक जमाई है।

आज पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में श्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 'मिशन ओलंपिक 2036: विजयी भव' की तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं।

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा में आगामी एक वर्ष में बुनियादी खेल ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। राज्य के प्रत्येक जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण होगा। खिलाड़ियों की तकनीक में सुधार और आधुनिक प्रशिक्षण के लिए विश्वस्तरीय विदेशी प्रशिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी।

****************************************************************

**********

भारतीय चिकित्सा संघ- आईएमए ने इन्फ्लुएंजा ए -एच1एन1 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आईएमए का कहना है कि अधिकतर संक्रमण हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है। आईएमए ने लोगों को फ्लू के लक्षणों के लिए डॉक्टर की पर्ची के बिना एंटीबायोटिक्स न लेने की सलाह भी दी है। आईएमए ने विशेष रूप से एज़िथ्रोमाइसिन, एमोक्सिसिलिन-क्लैवुलनेट और सिफिक्साईम जैसी एंटीबायोटिक्स खुद नहीं लेने की चेतावनी दी है।

****************************************************************

**********

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि राज्य में मौसमी इन्फ्लूएंजा -फ्लू की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य भर में कड़ी निगरानी रख रहा है और सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को समय पर जांच और इलाज के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।
डॉ. मिश्रा ने लोगों को आम मौसमी फ्लू और 'स्वाइन फ्लू' के बीच का अंतर समझाते हुए स्पष्ट किया कि 'स्वाइन फ्लू' अब मौसमी इन्फ्लूएंजा का ही एक

हिस्सा है, जिसका  नियमित स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली के तहत इलाज किया जाता है। 'स्वाइन फ्लू'  नाम से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।

************************************************************

**********

हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वाइन फ्लू को लेकर जारी हिदायतों के अनुसार अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में  तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अस्पताल  की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा पेंटल ने डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को भी बीमारी के लक्षणों वाले मरीजों की जांच और उपचार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अस्पताल में स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों के लिए अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है।

************************************************************

**********

हरियाणा सरकार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश की महिलाओं को हरियाणा राज्य परिवहन की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की है।निःशुल्क यात्रा की सुविधा 27 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी जो 28 अगस्त  की  मध्यरात्रि 12 बजे तक लागू रहेगी। महिलाओं के साथ उनके 15 वर्ष तक आयु के बच्चे भी हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में बिना किराया दिए यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा दिल्ली और चंडीगढ़ सहित हरियाणा में किसी भी स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने के लिए मान्य होगी।

************************************************************

**********

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष सुश्री तृप्ति हरिपाल श्योराण ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत होने वाली कार्रवाई को लेकर जिला स्तर पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत कल 27 अगस्त  को कैथल जिले से की जा रही है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के अन्य जिलों में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों, स्कूल प्राचार्यों, खंड शिक्षा

अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी तथा स्कूलों में गठित पॉस्को समितियों के सदस्यों को शामिल किया जाएगा।

************************************************************

**********